बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

28 मार्च 2023

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग].

Total Short Notice Question- 5

प्रतिवेदन उपलब्ध कबतक

*141 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **विधि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत मोकामा स्थित बाबा पशुराम मंदिर है जहां राजकीय धार्मिक मेला का आयोजन किया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि इसे धार्मिक न्यास बोर्ड से निबंधित कराने हेतु आवेदन पटना जिला प्रशासन को मुहैया कराते हुए प्रतिवेदन की मांग की गई, लेकिन वो अभी तक अप्राप्त है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रतिवेदन उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

कौन-सी कार्य योजना

*142 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अन्तर्गत कुल कितने उद्यमियों को विगत 05 वर्षों में ऋण/सहायता प्रदान की गयी है;

(ख) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अन्तर्गत वर्तमान में कुल कितने उद्यम सफलता पूर्वक संचालित हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इस योजना की मॉनिटरिंग एवं इसकी सफलता के लिए सरकार के पास क्या कार्य योजना है?

चहारदीवारी का निर्माण

***143 श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा)ः**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत पुनपुन प्रखण्ड के मरांची ग्राम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य उप केन्द्र एक ही परिसर में अलग-अलग भवन में कार्यरत हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन पूर्व के मॉडल पर निर्मित है जिसमें डॉ० एवं अन्य कर्मचारी के रहने के लिए कोई क्वार्टर नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र परिसर की चहारदीवारी नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन नये मॉडल पर निर्मित करने एवं उक्त स्वास्थ्य केन्द्र परिसर की चहारदीवारी करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

नियमित वेतनमान में समायोजन

***144 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक)ः**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य विभाग ने STD परामर्शी का पद हर जिला अस्पताल हेतु सृजित किया है;

(ख) क्या यह सही है कि विगत आठ वर्षों से राज्य एड्स नियंत्रण समिति, बिहार में STD परामर्शी के पद पर संविदा कर्मी कार्यरत हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में कार्यरत STD परामर्शी कर्मियों को नियमित वेतनमान में समायोजित करना चाहती है?

गुड़ उत्पादक इकाइयों को प्रोत्साहित करने का विचार

*145 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा)ः**

क्या **गन्ना उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि गन्ना बिहार की एक महत्वपूर्ण नगदी औद्योगिक फसल है, गन्ना उत्पादन पर ही चीनी उद्योग के साथ-साथ गुड़, कागज, इथेनॉल, पशु आहार एवं विद्युत-ऊर्जा, कार्बनिक खाद जैसे कई अन्य उद्योग निर्भर करते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में गुड़ की खपत बड़ी मात्रा में होती है लेकिन बिहार में गुड़ उत्पादक इकाइयां बहुत कम हैं और बिहार में बाहर से बड़ी मात्रा में प्रति वर्ष गुड़ आता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो ऐसी परिस्थिति में क्या सरकार बिहार में गुड़ उत्पादन इकाइयों को लगाने के लिए प्रोत्साहन करने का विचार रखती है, यदि हां तो इसकी कार्य योजना क्या है और नहीं तो क्यों?